सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

**29 जनवरी 2026 / 09 माघ 1947**

**विषय: राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश परीक्षा (NIFTEE) - 2026 के आवेदकों को परीक्षा शहर आवंटन के लिए अग्रिम सूचना - संदर्भ।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) NIFTEE-2026 का आयोजन 8 फरवरी 2026 को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) / पेपर आधारित परीक्षा (PBT) मोड में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार विभिन्न स्थानों पर करेगी:

| परीक्षा | परीक्षा की तिथि और शिफ्ट | परीक्षा का मोड |
|---|---|---|
| NIFTEE - 2026 | 08 फरवरी 2026 | कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) / पेपर आधारित परीक्षा (PBT) |
| | पाली 1: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | |
| | पाली 2: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक | |

परीक्षा शहर आवंटन की अग्रिम सूचना https://exams.nta.nic.in/niftee/ वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थियों को उपर्युक्त वेबसाइट पर जाकर NIFTEE–2026 की **परीक्षा शहर सूचना पर्ची** (Examination City Intimation Slip) की जाँच/डाउनलोड करना आवश्यक है।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि यह **NIFTEE–2026 का प्रवेश पत्र (Admit Card) नहीं है।** यह केवल परीक्षा केंद्र स्थित शहर के आवंटन से संबंधित अग्रिम सूचना है, ताकि अभ्यर्थियों को सुविधा हो सके। **NIFTEE–2026 का प्रवेश पत्र बाद में जारी किया जाएगा।**

माननीय न्यायालय के निर्देशों तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा किए गए घोषणा-पत्र के अनुसार, **अपने स्वयं के लेखक (Scribe) का विकल्प चुनने वाले PwBD/PwD अभ्यर्थियों** को सूचित किया जाता है कि **लेखक विवरण (Scribe Details) जमा करने हेतु पोर्टल निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगा**:

| कार्यक्रम | अवधि |
|---|---|
| PwBD/PwD अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के लेखक का विवरण जमा करने हेतु पोर्टल | 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 |

अपने स्वयं के लेखक का विकल्प चुनने वाले PwBD/PwD अभ्यर्थियों को अपने **आवेदन संख्या (Application Number) एवं पासवर्ड** का उपयोग कर लॉग-इन करना होगा, अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर उपलब्ध **"Register Scribe Details"** विकल्प पर क्लिक करना होगा, निर्देशानुसार आवश्यक लेखक विवरण दर्ज करना होगा तथा अंत में यह सुनिश्चित करना होगा कि दर्ज किए गए विवरण **"View Application Form"** में सही रूप से प्रदर्शित हो रहे हों। यह सुविधा केवल उपर्युक्त अवधि के दौरान ही उपलब्ध रहेगी।

यदि किसी अभ्यर्थी को NIFTEE-2026 के लिए परीक्षा शहर सूचना पर्ची डाउनलोड/जांचने में कोई कठिनाई होती है, तो वह **011-40759000** पर संपर्क कर सकता है या nift@nta.ac.in अणु डाक पते पर भेज सकता है।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए NTA की आधिकारिक वेबसाइट (www.nta.ac.in, https://exams.nta.nic.in/niftee/) पर नियमित रूप से जाएं।

**निदेशक, एन.टी.ए**